प्रस्ताव

64 मारिजुआना (चरस/भांग/गांजा) का विनियमन। पहल संविधि (कानून)।

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

- राज्य कानून के अंतर्गत 21 वर्ष या अधिक आयु वाले वयस्कों द्वारा मारिजुआना के उपयोग को कानूनी रूप देता है।
- मारिजुआना उद्योग को लाइसेंस देने एवं उसके विनियमन के लिए राज्य अभिकरणों को नामित करता है।
- मारिजुआना की फुटकर बिक्री पर 15% का राज्य उत्पाद कर एवं मारिजुआना पर $9.25 प्रति आउंस फूल एवं $2.75 प्रति आउंस पत्तियां की दर से राज्य कृषि कर अधिरोपित करता है।
- चिकित्सीय मारिजुआना को कुछ करों से छूट देता है।
- मारिजुआना उत्पादों के पैकेजिंग, लेबलिंग, विज्ञापन एवं विपणन के मानक एवं प्रतिबंध स्थापित करता है।
- अवयस्कों को सीधे तौर पर मारिजुआना के विपणन और विज्ञापन से निषिद्ध करता है।
- मारिजुआना के स्थानीय विनियमन और कराधान की अनुमति देता है।
- मारिजुआना के पूर्व में अपराध सिद्ध हुए दोषियों के लिए दोबारा कारावास सज़ा और अभिलेखों को नष्ट करने को प्राधिकृत करता है।

विधायी विश्लेषक के निवल राज्य एवं स्थानीय सरकार पर वित्तीय प्रभाव के आकलन का सारांश:

- उपाय के वित्तीय प्रभावों के आकार में बड़े स्तर की घट-बढ़ हो सकती है जो निम्नांकित पर निर्भर है:
  - (1) राज्य एवं स्थानीय सरकारें किस प्रकार मारिजुआना का विनियमन एवं उस पर कर लगाने का चयन करती हैं,
  - (2) संघीय सरकार मारिजुआना को निषिद्ध करने वाले संघीय कानूनों का प्रवर्तन करती है या नहीं, और
  - (3) उपाय के अंतर्गत मारिजुआना की कीमतों और उपभोग में किस प्रकार बदलाव आता है।
- निवल अतिरिक्त राज्य एवं स्थानीय कर राजस्व जो अंततः कई सौ मिलियन डॉलर से लेकर $1 अरब प्रतिवर्ष से अधिक तक हो सकता है। इनमें से अधिकांश निधि के लिए विशिष्ट प्रयोजनों जैसे युवा कार्यक्रमों, पर्यावरणीय सुरक्षा, एवं विधि प्रवर्तन आदि के लिए व्यय किया जाना आवश्यक होगा।
- मुख्य रूप से राज्य की जेलों व काउंटी जेलों में बंदी मारिजुआना अपराधियों की संख्या में कमी से संबंधित राज्य व स्थानीय सरकार की लागतों में निवल कमी, जो संभावित रूप से दसियों मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष की हो सकती है।

64

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

पृष्ठभूमि

मैरूआना के लिए राज्य का कानून

राज्य के कानून के तहत मामैरूआना आमतौर पर अवैध है। राज्य के मौजूदा कानून के तहत, मामैरूआना को रखना या इस्तेमाल करना आमतौर पर अवैध है। (मामैरूआना कैसे इस्तेमाल होता है इसपर विस्तृत जानकारी के लिए कृपया नज़दिकी बॉक्स देखें।) अपराध के अनुसार मामैरूआना से संबंधित गतिविधियों के लिए दंड बदलता है। उदाहरण के तौर पर, एक औंस से कम मामैरूआना (जो कि लगभग 40 मामैरूआना सिगरेटों के समान होता है जिन्हें "जॉइंट्स" भी कहते हैं) रखने पर जुर्माना भरना पड़ता है, जबकि मामैरूआना की बिक्री करने या उगाने पर जेल की सज़ा भी हो सकती है।

प्रस्ताव 215-औषधी मामैरूआना को वैध बनाना 1996 में, मतदाताओं ने प्रस्ताव 215 को स्वीकृत किया, जिसमें California में किसी भी आयु के व्यक्ति के लिये चिकित्सा उद्देश्य से मामैरूआना का इस्तेमाल करना राज्य के कानून के तहत वैध बनाया गया है। मेडिकल मैरूआना इस्तेमाल करने के लिए व्यक्तियों के पास डॉक्टर का सिफ़ारिश होनी चाहिए। 2003 में, विधानमंडल ने मेडिकल मामैरूआना कलेक्टिव्ज़ को वैध किया, जो कि गैर लाभकारी संगठन हैं जो मामैरूआना उगाकर अपने सदस्यों को प्रदान करते हैं। कलेक्टिव्ज़ को अब राज्य के द्वारा लाइसेंस दिया जाता है या उनका नियमन होता है, लेकिन मेडिकल मामैरूआना की पैदावार और बिक्री कहां और कैसे होगी इसका नियमन शहर और काउंटीज कर सकते हैं।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

व्यक्ति मामैरूआना का इस्तेमाल कैसे करते हैं?

धुम्रपान। मामैरूआना को इस्तेमाल करने का सबसे आम तरीका धुम्रपान है। आमतौर पर उपभोक्ता मामैरूआना पौधे के सूखे फूलों से धुम्रपान करते हैं। सूखे मामैरूआना पत्तों से भी धुम्रपान किया जा सकता है लेकिन यह दुर्लभ होता है क्योंकि पत्तों में बहुत कम मात्रा में tetrahydrocannabinol (THC) होता है, जो कि मामैरूआना में एक घटक है जिससे "नशा" होता है। मामैरूआना के पत्ते, फूल और डंठलों पर प्रक्रिया करके संकेन्द्रित मामैरूआना बनाकर उससे भी धुम्रपान किया जा सकता है। संकेन्द्रित मामैरूआना के उदाहरणों में हैश और हैश तेल शामिल है। संकेन्द्रित मामैरूआना सूखे मारिजुआना से बहुत ही शक्तिशाली होता है, अक्सर उसमें सूखे मामैरूआना फूलों में पाये जानेवाले THC स्तर से पांच से दस गुना मात्रा शामिल होती है।

भाप बनाना। कुछ उपभोक्ता vaporizers नामक उपकरण के द्वारा मामैरूआना का सेवन करते हैं। Vaporizer सूखे मामैरूआना या संकेन्द्रित मामैरूआना को गर्म करता है लेकिन उसे जलाता नहीं। इस ताप प्रक्रिया में एक गैस बनती है जिसमें THC होता है जिसका श्वसन किया जा सकता है।

खाना। मामैरूआना को खाने में भी डाला जा सकता है। खानेयोग्य मामैरूआना के उत्पादों को आमतौर पर पौधे के THC को खाद्य पदार्थो में (जैसे बटर या तेल) मिलाकर बनाया जाता है, इसमें आमतौर पर ब्राउनीज, कुकीज़ या चॉकलेट बार बनाने के लिए इस्तेमाल होनेवाली सामग्री ली जाती है।

अन्य तरीके। मामैरूआना इस्तेमाल करने अन्य कम प्रयोग होनेवाले तरीके हैं मामैरूआनायुक्त पेय पीना और मामैरूआनायुक्त मलक को त्वचापर लगाना।

64

राज्य सरकार फिलहाल नये मेडिकल मामैरूआना नियमनों को अपना रही है। हाल ही में, मेडिकल मामैरूआना का नियमन करने हेतु राज्य में नये कानूनों को स्वीकृत किया गया। जैसे की चित्र 1 में दिखाया गया है, मेडिकल कैनबिस के नियमन के लिए एक नया ब्यूरो और अन्य सरकारी एजेंसिया जिम्मेदार है। नये कानून के तहत राज्य को मेडिकल मामैरूआना उत्पादों के लेबलिंग, टेस्टिंग एवं पॅकेजिंग के लिए मानकों की स्थापना करनी है और निर्माण से लेकर बिक्री होने तक ऐसे उत्पादों को कि करने के लिए एक प्रणाली का विकास करना है। फिलहाल, इन नियमनों को भिन्न नियामक एजेंसियों द्वारा विकसित किया जा रहा है। नये कानूनों के तहत, मेडिकल मामैरूआना कलेक्टिव्ज़ को कुछ साल के भीतर बंद करना है और उनकी जगह सरकारी-लाइसेंसशुदा व्यवसायों को लेनी है। मेडिकल मामैरूआना व्यवसाय कहां और कैसे चलेगा इसका नियमन करने का अधिकार स्थानीय सरकार के पास होगा।

आकृति 1

मेडिकल मैरूआना उद्योग को अनेक राज्य की एजेंसियों द्वारा विनियमित होना

नियामक एजेंसी	प्राथमिक जिम्मेदारियां
मेडिकल कैनबिस विनियमन ब्यूरो	मेडिकल मैरूआना वितरक, ट्रांसपोर्ट्स, परीक्षण सुविधाओं, तथा खुदरा विक्रेताओं का लाइसेंस देना।
खाद्य एवं कृषि विभाग	मेडिकल मैरूआना के उत्पादकों को लाइसेंस देना तथा विनियमित करना।
जन स्वास्थ्य विभाग	खाद्य मैरूआना उत्पादों के उत्पादकों को लाइसेंस देना तथा विनियमित करना।
राज्य जल संसाधन नियंत्रण बोर्ड	जल की गुणवत्ता पर मैरूआना के उत्पादन के पर्यावरण संबंधी प्रभावों को विनियमित करना।
डिपार्टमेंट ऑफ फिश एंड वाइल्डलाइफ	मैरूआना के उत्पादन के पर्यावरण संबंधी प्रभावों को विनियमित करना।
कीटनाशक विनियमन विभाग	मैरूआना के उत्पादन के लिए कीटनाशक के प्रयोग को विनियमित करना।

प्रस्ताव 64 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 178।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

मेडिकल मामैरूआना पर कर। फिलहाल राज्य और स्थानीय सरकार मेडिकल मामैरूआना पर कर इकठ्ठा करती हैं। कुछ शहरों में ख़ासतौर पर मेडिकल मामैरूआना पर अतिरिक्त कर भी लगाये गए हैं। मेडिकल मारिजुआना पर जमा होनेवाले राज्य और स्थानीय कर कुल मिलाकर वर्ष में कई हजार मिलियन डॉलर तक पहुँच जाते हैं।

फेड़रल मामैरूआना कानून

फेड़रल कानून के तहत, मामैरूआना रखना या इस्तेमाल करना अवैध है, जिसमें चिकित्सा हेतु इस्तेमाल भी शामिल है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 2005 में आदेश पारित किया कि फेड़रल कानून के तहत फेड़रल एजेंसिया ऐसे व्यक्तियों पर मुकदमा चलाना जारी रखें जो चिकित्सा इस्तेमाल हेतु मेडिकल मामैरूआना रखते हैं या इस्तेमाल करते हैं, फिर चाहे ऐसा इस्तेमाल राज्य के कानून के तहत वैध ही क्यों ना हो। हालांकि, फिलहाल U.S. न्याय विभाग (DOJ) ने तय किया है कि वे उन अधिकांश मामैरूआना उपभोक्ताओं तथा व्यवसायों पर मुकदमा नहीं चलायेंगे जो राज्य और स्थानीय मामैरूआना कानूनों का पालन करते हैं अगर वे कानून फेड़रल प्राथमिकताओं के अनुकूल हैं। इन प्राथमिकताओं में अवयस्को को मामैरूआना के इस्तेमाल से बचाना और मामैरूआना को अन्य राज्यों में लेकर जाने से रोकना शामिल है।

प्रस्ताव

यह विधेयक है (1) वयस्कों द्वारा मामैरूआना का नॉनमेडिकल इस्तेमाल वैध बनाना, (2) नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसाय का नियमन करने हेतु एक प्रणाली स्थापित करना, (3) मामैरूआना पर कर लागू करना और (4) मामैरूआना से संबंधित अपराधों के लिए दंड में बदलाव करना। इन बदलावों का नीचे वर्णन किया गया है।

वयस्कों द्वारा मामैरूआना का नॉनमेडिकल इस्तेमाल वैध बनाना

नॉनमेडिकल मामैरूआना का व्यक्तिगत इस्तेमाल इस विधेयक ने राज्य के कानून को बदला है ताकि 21 वर्ष या उससे अधिक के वयस्कों द्वारा नॉनमेडिकल उद्देश्य के लिये मामैरूआना के इस्तेमाल को वैध बनाया जा सके। विधेयक के तहत कौनसी गतिविधियों की अनुमति होगी इसका सारांश चित्र 2 में दिया है। यह गतिविधियाँ 21 वर्ष से नीचे के व्यक्तियों के लिए अवैध रहेंगी।

मामैरूआना की खरीदारी। इस विधेयक के तहत, 21 वर्ष और उससे अधिक के व्यक्ति मामैरूआना को राज्य-लाइसेंसशुदा व्यवसायों या उनकी वितरण सेवाओं द्वारा खरीद सकेंगे। ऐसे व्यवसाय आमतौर पर स्कूल, डे केयर सेंटर या युथ सेंटर के 600 फीट के दायरे में स्थापित नहीं किये जा सकते बशर्ते स्थानीय सरकार द्वारा अनुमति ना हो। इसके अलावा, मामैरूआना की बिक्री करनेवाले व्यवसाय तंबाकू या शराब की बिक्री नहीं

आकृति 2

प्रस्ताव 64 गैर-मेडिकल मैरूआना गतिविधियों को, प्रतिबंधों के साथ वैध बनाना

गतिविधि	विधेयक के तहत अनुमत गतिविधियां	विधेयक के तहत अनुमत नहीं गतिविधियां
मैरूआना का धूम्रपान करना	निजी घर में या ऑन-साइट मैरूआना के उपभोग के लिए लाइसेंसप्राप्त व्यापार में मैरूआना का धूम्रपान करना।	मैरूआना का धूम्रपान करना (1) कार चलाने के दौरान, (2) किसी सार्वजनिक स्थल में (ऑन-साइट उपभोग के लिए लाइसेंसप्राप्त व्यापार के अलावा), अथवा (3) कहीं भी जहां तंबाकू का धूम्रपान निषिद्ध है।
व्यक्तिगत प्रयोग के लिए मैरूआना रखना	28.5 ग्राम तक (लगभग एक आउंस) मैरूआना तथा 8 ग्राम तक गाढ़ा मैरूआना (जैसे हैश) रखना।	स्कूल के मैदान, डे केयर सेंटर, अथवा युवा केन्द्र में बच्चों की मौजूदगी के दौरान मैरूआना का होना।
मैरूआना पैदा करना	मैरूआना के छह पौधे तक उगाना तथा निजी घर के अंदर पौधों द्वारा उत्पादित मैरूआना रखना।	बिना ताले के या सार्वजनिक स्थान से दिखाई देने वाले क्षेत्र में पैदा उगाना।
मैरूआना सौंपना	अन्य वयस्क व्यक्तियों को 28.5 ग्राम तक मारिऑना तथा 8 ग्राम तक गाढ़ा मैरूआना सौंपना।	गैर-मेडिकल उपयोग के लिए 21 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों को मैरूआना प्रदान करना।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

कर सकते। विधेयक के तहत, स्थानीय सरकार लाइसेंसशुदा व्यवसायों को उनके स्थल पर मामैरूआना का सेवन करने की अनुमति दे सकती है। हालांकि, ऐसे व्यवसायों ने उन स्थलों पर सेवन की सुविधा नहीं देनी चाहिए जहां 21 वर्ष से कम व्यक्ति मौजूद हो या उनकी नज़र में हो, इसमें सार्वजनिक स्थलों से दिखाई देनेवाले स्थल भी शामिल है। इसके अलावा, अपने स्थल पर मामैरूआना सेवन की सुविधा प्रदान करनेवाले व्यवसायों ने तंबाकू या शराब के सेवन की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसायों का नियमन

नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसायों का राज्य द्वारा नियमन इस विधेयक ने Bureau of Medical Cannabis Regulation का नाम बदलकर Bureau of Marijuana Control किया है और उसे नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसायों के नियमन व लाइसेंसिंग के लिए भी जिम्मेदार बनाया है। इसके अलावा, विधेयक में राज्य की अन्य एजेंसियों को भी नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसायों के भिन्न हिस्सों का नियमन और लाइसेंस का प्रबंधन करने के लिए कहा है। इन राज्य एजेंसियों पर मौजूदा रूप में मेडिकल मामैरूआना की जो जिम्मेदारियां है उसी तरह की जिम्मेदारियाँ होंगी। विधेयक के तहत प्रत्येक लाइसेंसिंग एजेंसी को अपना शुल्क लगाना होगा जिससे उनकी मामैरूआना नियमन लागत वसूल होंगी। विधेयक के तहत, मेडिकल मामैरूआना उत्पादों को ट्रॅक करने के लिए मौजूदा कानून के तहत विकसित की गई प्रणाली को नॉनमेडिकल इस्तेमाल के मारिजुआना तक विस्तारित करना होगा। विधेयक ने साथ ही Marijuana Control Appeals Panel का गठन भी किया है जिसके तहत राज्य सरकार की नियामक एजेंसियों के फ़ैसले से प्रभावित व्यक्तियों की अपीलें सुनी जायेंगी। पैनल के फ़ैसले न्यायालयों में अपील किये जा सकेंगे।

नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसायों का स्थानीय सरकार द्वारा नियमन विधेयक के तहत, शहरों और काउंटीज द्वारा नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसायों का नियमन किया जा सकेगा। उदाहरण के तौर पर, नॉनमेडिकल मामैरूआना व्यवसायों को शहर एवं काउंटी स्थानीय लाइसेंस लेने तथा वे जहां बस सकते हैं वहीं तक सीमित रहने के लिए अनिवार्य कर सकते हैं। शहर एवं काउंटी मामैरूआना से संबंधित व्यवसायों को पूरी तरह से प्रतिबंधित भी कर सकते हैं। हालांकि, वे उनके अधिकार-क्षेत्र में से मामैरूआना के परिवहन को प्रतिबंधित नहीं कर सकते।

मामैरूआना पर कर निर्धारण

मेडिकल और नॉनमेडिकल मामैरूआना दोनों को उगाने और बेचने पर विधेयक ने नये राज्य कर लागू किये हैं। जैसे कि चित्र 3 में दिखाया गया है, मामैरूआना उगाने पर नया कर मामैरूआना के प्रति औंस डॉलर राशि पर आधारित होगा और नया उत्पाद कर बेचे गए मामैरूआना उत्पाद की खुदरा कीमत पर आधारित होगा।

विधेयक राज्य और स्थानीय सरकार के बिक्री कर राजस्व को दोतरफा प्रभावित करेगा। पहला, नॉनमेडिकल मामैरूआना की बिक्री को वैध बनाने का परिणाम नये बिक्री कर राजस्व में होगा। (यह अपने आप होगा, क्योंकि आमतौर पर मौजूदा कानून के तहत उत्पाद कर के आधीन होते हैं।) दूसरा, मेडिकल मामैरूआना की बिक्री जो फिलहाल बिक्री कर के आधीन है उसे विशेषरूप से उस कर से छूट दी गई है। विधेयक ने स्थानीय सरकारों की मेडिकल मामैरूआना पर अतिरिक्त कर लगाने की मौजूदा क्षमता नहीं बदला है और नॉनमेडिकल मामैरूआना पर कर लगाने की उनकी क्षमता को सीमित नहीं किया है।

आकृति 3

प्रस्ताव 64 के तहत मैरूआना का करारोपण

कर का प्रकार	करारोपित मैरूआना का प्रकार	दर
उगाने पर नया राज्य कर	मेडिकल और गैर-मेडिकल दोनों।	$9.25 प्रति आउंस सूखे मैरूआना के फूल तथा $2.75 प्रति आउंस सूखे मारिऑना की पत्तियां।
नया राज्य खुदरा उत्पाद कर	मेडिकल और गैर-मेडिकल दोनों।	खुदरा कीमत का 15 प्रतिशत।
मौजूदा राज्य तथा स्थानीय बिक्री कर	केवल गैर-मेडिकल।	राज्यभर में दरें अलग-अलग हैं लेकिन औसत लगभग 8 प्रतिशत है।
मौजूदा तथा भविष्य के स्थानीय कर	मेडिकल तथा गैर-मेडिकल दोनों के लिए लागू हो सकते हैं।	स्थानीय सरकार के निर्णयों के तहत।

प्रस्ताव 64 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 178।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

2020 की शुरुआत में, मुद्रास्फीति के लिए मामैरूआना उगाने पर लगनेवाले कर को वार्षिक रूप से समायोजित किया जायेगा। विधेयक ने राज्य के बोर्ड आफ ईक्वलाईज़ैशन को मामैरूआना पत्तों के कर दर को वार्षिक रूप से समायोजित करने की अनुमति दी है ताकि पत्तों से संबंधित मामैरूआना फूलों की कीमत पता चल सकें। इसके अलावा, विधेयक ने बोर्ड को कर उद्देश्य से मामैरूआना की अन्य श्रेणियों को (जैसे जमा हुआ मारिजुआना) स्थापित करने की अनुमति दी है और स्पष्ट किया है कि इन श्रेणियों पर उनके मूल्य के अनुसार कर लगेगा जो मामैरूआना के फूलों से सम्बधित होगा।

कुछ निश्चित राज्य कर राजस्व का आबंटन मामैरूआना उगाने पर लगनेवाले नये राज्य खुदरा बिक्री उत्पाद कर और राज्य कर से जमा राजस्व को राज्य सरकार के California Marijuana Tax Fund इस खाते में जमा किया जायेगा। विधेयक द्वारा बनाए गए नियमनों का उल्लंघन करनेवाले व्यवसायों या व्यक्तियों पर लगाए गए जुमार्ने को भी इस निधि में जमा किया जायेगा। निधि में जमा राशियों को पहले कुछ विशेष सरकारी एजेंसियों को वापस भुगतान करने के लिए इस्तेमाल किया जायेगा जिनकी मामैरूआना नियमन लागत लाइसेंस के शुल्क से वसूल नहीं हो पाई है। राशियों का एक हिस्सा फिर भिन्न उद्देश्यों के लिए निश्चित डॉलर राशि में आवंटित किया जायेगा, जैसे कि चित्र 4 में दिखाया गया है।

बाकी बचे राजस्व (निधि में जमा राशियों का बड़ा हिस्सा) को निम्नानुसार आवंटित किया जायेगा:

- 60 प्रतिशत युवा कार्यक्रमों के लिए - जिसमें नशीले पदार्थों के सेवन के विकार पर शिक्षा, रोकथाम और इलाज शामिल है।
- मामैरूआना की अवैध खेती से पर्यावरण को होनेवाले नुकसान को रोकने तथा सफ़ाई करने के लिए 20 प्रतिशत।
- 20 प्रतिशत - (1) शराब, मामैरूआना और अन्य नशीले पदार्थों के नशे में गाड़ी चलाने की रोकथाम हेतु संरचित कार्यक्रमों के लिए और (2) विधेयक के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा पर पड़नेवाले किसी संभावित नकारात्मक प्रभाव को घटाने के लिए संरचित अनुदान कार्यक्रम।

मामैरूआना-सम्बधित अपराध के लिए दंड/जुर्माने

भविष्य के मामैरूआना अपराध के लिए दंड/जुर्माने में बदलाव विधेयक ने राज्य मामैरूआना दंड/जुर्माने को बदला है। उदाहरण के तौर पर, एक औंस या उससे कम मामैरूआना रखने पर मौजूदा स्थिति में $100 का जुर्माना लगता है। विधेयक के तहत, 18 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति ने अगर ऐसा अपराध किया है तो उसे जुर्माने के बजाय नशीली दवा सम्बन्धी परामर्श या शिक्षा में उपस्थित रहना होगा और सामुदायिक सेवा पूरी

आकृति 4

प्रस्ताव 64 विशिष्ट उद्देश्यं के लिए राज्य के राजस्व के एक भाग को आवंटित करता है

उद्देश्य	वार्षिक निधिकरण	अवधि
पिछली ड्रग नीतियों द्वारा सर्वाधिक प्रभावित समुदायों में कुछ सेवाओं (जैसे रोजगार नियोजन सहायता तथा पदार्थ उपयोग विकार उपचार) के लिए अनुदान	$10 मिलियन से $50 मिलियन तक[a]	2018–19 तथा जारी
विधेयक के प्रभावों का मूल्यांकन करना	$10 मिलियन	2018–19 से होते हुए 2028–29
मैरूआना सहित, किसी से प्रभावित व्यक्ति द्वारा वाहन चलाने को सुनिश्चित करने के लिए विधियों को बनाना तथा अपनाना	$3 मिलियन	2018–19 से होते हुए 2022–23
मेडिकल मैरूआना के जोखिमों और लाभों का अध्ययन करना	$2 मिलियन	2017–18 तथा जारी

[a] $10 मिलियन 2018–19 में, 2022–23 तक $10 मिलियन वार्षिक रूप से बढ़ते हुए , तथा इसके पश्चात $50 मिलियन प्रति वर्ष।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

करनी होगी। इसके अलावा, नॉनमेडिकल उद्देश्य से मामैरूआना की बिक्री करने पर मौजूदा स्थिति में राज्य की जेल या काउंटी जेल में चार साल साल की सज़ा का प्रावधान है। विधेयक के तहत, बिना लाइसेंस के मामैरूआना की बिक्री करने के अपराध के लिए आमतौर पर काउंटी जेल में छह महीने की सज़ा और/या $500 के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा, बिना लाइसेंस के किसी भी मामैरूआना व्यापार गतिविधि में लिप्त व्यक्ति के लिए हर उल्लंघन पर लाइसेंस शुल्क के तिगुनी राशि तक के जुर्माने का प्रावधान है। जबकि विधेयक ने कई सारे मामैरूआना से सम्बधित अपराधों के जुर्मानों को बदला है, फिर भी मामैरूआना के नशे के तहत गाड़ी चलाने पर लगनेवाला जुर्माना नहीं बदला है। विधेयक के तहत यह भी आवश्यक है कि कुछ विशिष्ट मारिजुआना सम्बधित अपराधों में गिरफ़्तार व्यक्ती या अपराध साबित हो चुके व्यक्ति के अपराधिक अभिलेख (रिकॉर्ड्स) को दो साल के भीतर नष्ट किया जाये।

पहले मामैरूआना अपराधों में दोषी साबित हुए व्यक्ति विधेयक के तहत, ऐसे व्यक्ति जो उन गतिविधियों के लिए सज़ा भूगत रहे हैं जो अब वैध बना दी गई हैं या विधेयक के तहत कम दंड के भागी हैं वे सज़ा पर विचार के लिए पात्र होंगे। उदाहरण के तौर पर एक अपराधी जो मामैरूआना उगाने या बेचने के लिए जेल या हवालात की सज़ा भुगत रहा है उसकी सज़ा कम हो सकती है। (न्यायालय को किसी की सज़ा कम करने की आवश्यकता नहीं होगी अगर यह निर्धारित किया जाए कि वह व्यक्ति कुछ विशेष गंभीर अपराध कर सकता था।) विधेयक के तहत जितनी सज़ा मिल सकती थी उस तक सज़ा कम होने के लिए ऐसे व्यक्ति पात्र होंगे। सज़ा कम हुए व्यक्ति जो फिलहाल जेल या हवालात में है वे अपनी रिहाई के बाद एक साल तक समुदाय के निगरानी में (जैसे के निरीक्षण) रहेंगे बशर्ते कि न्यायालय ने वह शर्त ना हटाई हो। इसके अलावा, ऐसे व्यक्ति जिन्होंने उन अपराधों के लिए सज़ा पूरी की है जिनको अब विधेयक के तहत घटा दिया गया है वे अपना आपराधिक रिकॉर्ड बदलने के लिए न्यायालय में आवेदन कर सकते हैं।

जारी

राजकोषीय प्रभाव

राजकोषीय प्रभाव जो महत्वपूर्ण अनिश्चितता के अधीन है

यह विधेयक राज्य और स्थानीय सरकारों की लागत और राजस्व दोनों को प्रभावित करेगा। इन प्रभावों का पैमाना निम्न तीन प्रमुख बातों पर निर्भर होकर महत्वपूर्ण रूप से बदल सकता है:

- पहली, राज्य एवं स्थानीय सरकारें किस प्रकार मामैरूआना का विनियमन एवं उस पर कर लगाने का चयन करती हैं। उदाहरण के तौर पर, अगर कई शहरों एवं काउंटीज ने मामैरूआना व्यवसाय को प्रतिबंधित किया तो मारिजुआना के करों से आनेवाला राजस्व इन करों के सिवाय आनेवाले राजस्व से कम होगा।
- दूसरी बात, यह U.S. DOJ मामैरूआना को प्रतिबंधित करने के लिए क्या फेडरल कानून लागू करता है इसपर भी निर्भर होगा। उदाहरण के तौर पर, अगर U.S. DOJ ने राज्य द्वारा लाइसेंसशुदा मामैरूआना व्यवसायों पर मुकदमा चलाना चुना तो मामैरूआना करों से बहुत ही कम राजस्व अर्जित होगा। इस विश्लेषण में ऐसा माना गया है कि U.S. DOJ मामैरूआना कानूनों के क्रियान्वयन के लिए अपनी मौजूदा नीति का पालन करेगा।
- तीसरी बात, विधेयक के तहत मामैरूआना की कीमते और सेवन कितने हद तक बदलता है इस पर भी राजकोषीय प्रभाव बड़ी हद तक निर्भर होगा। इस विश्लेषण में ऐसा माना गया है कि मामैरूआना की कीमते बड़ी हद तक घटेंगी। यह मुख्यरूप से इसलिए होगा कि (1) व्यवसाय मामैरूआना के निर्माण एवं वितरण में ज़्यादा कार्यक्षम होंगे और (2) एक अवैध नशीला पदार्थ बेचने की जोखिम की प्रतिपूर्ति करने के लिए अब मामैरूआना की कीमत नहीं बढ़ेगी। इस विश्लेषण में यह भी माना गया है कि विधेयक

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

के तहत मारिजुआना का सेवन बढ़ेगा। यह मुख्यरूप से इसलिए होगा कि (1) घटी हुई कीमते और (2) मारिजुआना उपभोक्ताओं की कानून जोखिम का घटना।

मामैरूआना की कीमते और सेवन पर वास्तविक प्रभाव अज्ञात है क्योंकि राज्य, फेडरल और स्थानीय सरकार की नियामक और क्रियान्वयन कार्रवाई भी अज्ञात है। जैसे की, इस विधेयक के नीचे उल्लेखित संभावित लागत और राजस्व प्रभाव बड़ी हद तक अनिश्चितता के अधीन है।

राज्य और स्थानीय सरकारों की लागत पर प्रभाव

भिन्न आपराधिक न्याय लागतों में गिरावट। राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए विधेयक का परिणाम आपराधिक न्याय लागतों में गिरावट से होगा। मारिजुआना उगाने और बेचने के लिए राज्य और काउंटी की जेलों में बंद अपराधियों की संख्या में कमी आने से यह मुख्यरूप से सम्बधित है। विधेयक से समुदाय के पर्यवेक्षण के तहत (जैसे काउंटी परिवीक्षा) रखे हुए ऐसे दोषियों की संख्या भी कम होगी। इसके अलावा, विधेयक के कारण अन्य आपराधिक न्याय लागतों में भी कमी आने की संभावना है, जैसे कि इससे सम्बधित आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए राज्य न्यायालय की लागत।

कई क्षेत्रों में लागत बढ़ने से उपरोक्त लागत कटौती आंशिक रूप से ऑफ़सेट होगी। विशेषरूप से, न्यायालय को उन व्यक्तियों के आवेदन पर प्रक्रिया करने की लागत उठानी पड़ेगी जिन्हें अपनी सज़ा कम करवानी है या अपना आपराधिक रिकॉर्ड बदलना है। इसके अलावा, समुदाय में सज़ा कम होकर निकले अपराधियों के पर्यवेक्षण के लिए भी लागत लगेगी। विधेयक के रास्ते पर चलते हुए यह भिन्न लागतें मुख्यरूप से पहले कुछ वर्षों में खर्च होंगी। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में लागत जारी रहेगी। उदाहरण के तौर पर, कुछ ख़ास मामैरूआना सम्बधित अपराध करनेवाले व्यक्तियों की गिरफ़्तारी और अपराधी साबित होने के रिकॉर्ड्स को नष्ट करने के लिए न्यायालय की लागत लगेगी। इसके अलावा, विधेयक द्वारा आवश्यक होने पर नशीली दवा सम्बन्धी परामर्श और शिक्षा कार्यक्रम चलाने की लागत निरंतर जारी रहेगी। मारिजुआना का इस्तेमाल बढ़ने से उससे सम्बधित अपराध भी जितनी हद तक बढ़ेंगे (जैसे मामैरूआना के नशे में गाड़ी चलाना) उतनी हद तक आपराधिक न्याय लागत (जैसे काउंटी जेल और राज्य न्यायालय की लागतें) भी बढ़ेगी।

कुल मिलाकर, उपरोक्त बदलावों के कारण राज्य और स्थानीय आपराधिक न्याय लागतों में हुई शुद्ध गिरावट वर्ष में कई हजार मिलियन डॉलर तक हो सकती है। कई मामलों में, इन संसाधनों को अन्य आपराधिक न्याय गतिविधियों में लगाया जा सकता है।

राज्य और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर प्रभाव। मामैरूआना के उपयोग में वृद्धि के परिणामस्वरूप विधेयक के राज्य और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यक्रम पर भी विभिन्न राजस्व सम्बन्धी प्रभाव हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, विधेयक के कारण सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित नशीले पदार्थों के उपयोग के उपचार की मांग करने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि हो सकती थी। ऐसी सेवाओं के लिए किसी भी प्रकार की अतिरिक्त लागत आंशिक रूप से या पूरी तरह से अतिरिक्त निधिकरण द्वारा ऑफसेट किया जा सकता है जो विधेयक के तहत नशीले पदार्थ के उपयोग के उपचार के लिए उपलब्ध होगा। हालांकि मामैरूआना के उपयोग के स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रभावों पर शोध सीमित है, लेकिन कुछ ऐसे प्रमाण हैं कि मारिजुआना का धूम्रपान करने के हानिकारक प्रभाव होते हैं। उदाहरण के लिए, मारिजुआना का धूम्रपान राज्य द्वारा तैयार की गई कैंसर पैदा करने वाले पदार्थों की सूची में शामिल है। यहाँ तक कि मारिजुआना के उपयोग में वृद्धि उपयोगकर्ताओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, इससे किसी हद तक राज्य और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की लागत में वृद्धि होगी।

बढ़ी हुई राज्य विनियामक लागत। विधेयक राज्य के लिए गैर-चिकित्सीय मामैरूआना व्यवसायों को विनियमित करने के लिए भी लागत का कारण बनेगा। यह लागत राज्य द्वारा मारिजुआना को विनियमित करने के लिए चुने गए तरीके के आधार पर भिन्न होगी, लेकिन सालाना कई टेन्स ऑफ़ मिलियन डॉलर की राशि लग सकती है। आखिरकार, इन लागतों की भरपाई पूरी तरह से लाइसेंस फीस और कर राजस्व से होने की संभावना रहेगी।

राज्य और स्थानीय राजस्व पर प्रभाव

कर राजस्व $1 बिलियन सालाना तक पहुंच सकता है, लेकिन अभी नहीं। राज्य और स्थानीय सरकारों को अधिक राजस्व प्राप्त होगा - जिसमें इस विधेयक के अधीन स्वीकृत मामैरूआना की बिक्री से प्राप्त सेल्स, उत्पाद शुल्क, और आय कर शामिल है। कर राजस्व में यह वृद्धि मुख्य रूप से निम्न के परिणामस्वरूप होगी (1) मारिजुआना की उपज और बिक्री पर नए राज्य उत्पाद कर, (2) मारिजुआना की अवैध खरीद (वह व्यक्ति जो सभी लागू करों का भगतान नहीं करते जो देय हैं) से कानूनी खरीद में परिवर्तित

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

हुए व्यक्ति (ऐसा व्यापार जिसमें देय कर प्राप्त और भरे जाते हैं), और (3) मामैरूआना की खपत में वृद्धि। इसके अलावा, विधेयक के कारण मामैरूआना की कीमतों में कमी मारिजुआना का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को अब कुछ बचत प्रदान कर सकती है। इससे उन्हें अन्य कानूनी उत्पादों को खरीदने की अनुमति मिल सकती है जिनसे कर राजस्व उत्पन्न हो सकता है। ये राजस्व बढ़ जाता है, हालांकि, यह आंशिक रूप से बिक्री कर के नुक्सान की भरपाई कर देगा जो अभी चिकित्सीय मारिजुआना की बिक्री से प्राप्त होता है, क्योंकि विधेयक इस तरह की खरीद को करों से छूट देता है।

कुल मिलाकर, हमारे सबसे अच्छा अनुमान यह है कि राज्य और स्थानीय सरकारें अंत में हाई सैकड़ों करोड़ों डॉलर से $1 अरब सालाना से अधिक का शुद्ध अतिरिक्त राजस्व प्राप्त कर सकती हैं। हालांकि, विधेयक के पारित होने के बाद पहले कुछ वर्षों में राजस्व काफी कम होने की संभावना है। ऐसा इसलिए क्योंकि राज्य को मामैरूआना का कारोबार करने के लिए लाइसेंस जारी करने में कुछ वर्ष लग जाएंगे। इसके अलावा, नए लाइसेंस वाले कारोबार को कुशल उत्पादन और वितरण प्रणाली स्थापित करने में समय लगने की संभावना रहेगी। कानूनी बाजार में कीमतों में गिरावट की संभावना रहेगी क्योंकि अधिक कानूनी व्यवसायों को लाइसेंस दिया जा रहा है और वे और अधिक कुशल बन जाते हैं। जैसे ही ऐसा होता है, और अधिक उपभोक्ता मारिजुआना को कानूनी रूप से खरीदना शुरू कर देंगे। इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता कि यह प्रक्रिया कब तक चलेगी, लेकिन विधेयक पारित होने के बाद राजस्व को उपरोक्त वर्णित सीमा तक पहुँचने में कई वर्ष लग सकते हैं। जैसा कि पहले चर्चा हुई थी, विधेयक की शर्त है कि अधिकतर धन निर्दिष्ट उद्देश्यों पर ही खर्च किया जाए।

स्थानीय सरकार के अतिरिक्त राजस्व। यह विधेयक अतिरिक्त राजस्व प्रदान कर सकता है अगर स्थानीय सरकारें मारिजुआना पर कर लगाती हैं। अतिरिक्त राजस्व की राशि काफी भिन्न हो सकती है, जो स्थानीय सरकारों द्वारा मारिजुआना पर लगाए जाने वाले कर और उसकी दरों पर निर्भर करती है। यह राजस्व आसानी से सालाना टेन्स ऑफ़ मिलियन डॉलर हो सकता है।

मारिजुआना उत्पादक क्षेत्रों में स्थानीय अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव। वर्तमान में मारिजुआना का निर्यात उत्तरी California के कुछ हिस्सों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जैसे कि Humboldt, Mendocino, और Trinity Counties। यह विधेयक स्पष्ट रूप से इन स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को कैसे प्रभावित करेगा, यह अज्ञात है। मारिजुआना की कीमतों में कमी और कहीं भी कानूनी रूप से खेती के अधिक अवसर इन क्षेत्रों में स्थानीय सरकार के कर राजस्व को कम करके अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर, हालांकि, स्थानीय उत्पादक और व्यवसाय मामैरूआना से बने अपने उत्पादों को सफलतापूर्वक प्रीमियम माल के रूप में विपणन करते हैं, तो उपभोक्ता उनके लिए औसत कीमतों से उपर भी भुगतान करने के लिए तैयार हो सकते हैं। अगर ऐसा हुआ, यह उन क्षेत्रों में नकारात्मक आर्थिक प्रभाव की कुछ हद तक भरपाई करने में मदद कर सकता है।

इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए प्राथमिक रूप से गठित समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/measure-contributions* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ता देखने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/nov-16-gen-v2.html* पर जाएं।

प्रस्ताव 64 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 178।